वेनेतो में आवास

प्रवासी नागरिकों हेतु व्यावहारिक सूचना पुस्तिका

यूरोपीय संघ द्वारा सह-वित्तपोषित परियोजना

REGIONE DEL VENETO

MINISTERO del LAVORO e delle POLITICHE SOCIALI

MINISTERO DELL'INTERNO

शरण, प्रवासन व एकीकरण कोष (एफ॰ए॰एम॰आइ॰) 2014-2020

परिचय

प्रवासी आवागमन क्षेत्र में सामाजिक एकीकरण की अपनी नीति को पूरा करने के लिए रेजोने वेनेतो कई वर्षों से सफलतापूर्वक यूरोपीय निधि का उपयोग कर रहा है। विशेषतः शरण, प्रवासन व एकीकरण कोष (एफ॰ए॰एम॰आइ॰ 2014 -2020) के अंतर्गत यू॰एल॰एल॰एस॰ ईकाइयों व नगर पालिकाओं के साथ, “एम॰ए॰आर॰आइ॰ – बहुसांस्कृतिक कार्य क्षेत्रीय प्रवासन”, परियोजना को रूप दिया है, जिसका विशिष्ट उद्देश्य स्वास्थ्य, आवासीय, प्रशिक्षण, सामाजिक और वित्तीय सेवाओं तक प्रवासी महिला व पुरुष नागरिकों की पहुँच को सुधारना है।

वे विदेशी नागरिक जो स्थाई रूप से हमारे देश में रहना चाहते हैं यहाँ उनका वस्तुतः एकीकरण होने के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि उन्हें विशेषतः घर, काम, पढ़ाई, क्षेत्र की सामान्य सामाजिक सेवाएँ मिल सकें।

इस उद्देश्य से व प्रवासी नागरिकों द्वारा हमारे देश में पहले प्रवेश जो बहुत महत्त्वपूर्ण और कई व्यक्तियों के लिए कठिन होता है, उस समय उनकी सहायता करने हेतु यह आरंभिक स्तकार सूचिका बनाई गई है, जिस से, एक ओर क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं हेतु प्रवासी नागरिकों द्वारा सूचना प्राप्त करने की वास्तविक व तत्काल आवश्यकता का उत्तर देने की इच्छा है, तो दूसरी ओर, हमारे क्षेत्र में उनके स्थाई व वैध प्रवेश के लिए विभिन्न सरकारी-प्रशासनिक चरणों में, आवश्यक सूचनाएँ देने के माध्यम से, उनकी सहायता करना है।

अतः सूचिका का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे क्षेत्र में रहने की आरंभिक अवधि में इस के सुविधाजनक उपयोग द्वारा लोगों को क्षेत्र में उपलब्ध सेवाओं की सूचना प्राप्ति में यह सहायक हो।

सामाजिक सेवाओं हेतु पार्षद
ओनेरेवोले मनुऐला लान्ज़ारिन

विषय सूची

इटली में पहली बार प्रवेश पारिवारिक एकीकरण के लिए अथवा काम के लिए 6

इटली में पहली बार प्रवेश किसे करना है?

इसका क्या उद्देश्य है?

कैसे किया जाता है?

अपने साथ क्या लाएँ?

कहाँ जाएँ... 8

1. प्रेफेत्तूरा, स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय) में
2. डाकघर, लाइसेंस युक्त पोस्ट ऑफिस में
3. क्वेस्तूरा (पुलिस मुख्यालय), प्रवासन कार्यालय में
4. यू॰एल॰एस॰एस॰ (उनिता लोकाले सौचो सानितारिया) में

...काम के लिए 10

काम खोजना

अधीनस्थ नौकरी

विदेशी व्यावसायिक योग्यता के आधार पर इटली में काम करना

काम छूट जाने पर

...घर के लिए 14

निवास स्थान

आवास स्थान देने की सूचना

सरकारी आवास योजना “काज़े पोपोलारी”

किराएदारी का contract

...परिवार के लिए 18

पारिवारिक सलाह केन्द्र व सी॰एफ॰एस॰इ॰

काम करने वाले माता पिता - कौन से अधिकार

परिवार हेतु संरक्षण, नगर पालिका सेवाएँ

महिलाओं हेतु संरक्षण

...पढ़ाई के लिए 21

नाबालिगों के लिए

बालिगों के लिए

विदेशों से प्राप्त पढ़ाई के प्रमाणपत्रों हेतु स्वीकृति

विदेशों से प्राप्त स्नातक की डिग्री हेतु स्वीकृति

...ड्राइविंग (चालक लाइसेंस) के लिए 24

उपयोगी telephone numbers 25

पहला प्रवेश इटली में पारिवारिक एकीकरण अथवा काम के लिए

इटली में पहला प्रवेश किसे करना है?

विदेशी नागरिक जिसने इटली में प्रवेश काम के लिए अथवा पारिवारिक एकीकरण के लिए किया है।



क्या उद्देश्य है?

पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) (काम के लिए अथवा पारिवारिक कारणों के आधार पर) व स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिकार देने वाले स्वास्थ्य कार्ड (तेस्सेरा सानितारिया) की प्राप्ति हेतु।

कैसे करें?

इटली में प्रवेश के 48 घँटों के भीतर, किसी विदेशी को रहने का स्थान देने वाले व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा प्राधिकरण (यदि प्रोविंचा (मंडल) की राजधानी में निवास है तो क्वेस्तूरा (पुलिस मुख्यालय), अन्य सभी कौमूने (नगरपालिका) के निवासियों हेतु विजिली उर्बानी) को वहाँ जा कर, क्वेस्तूरा अथवा कौमूने से मिले आवास स्थान देने की सूचना प्रपत्र या फॉर्म के माध्यम से कर्मचारी अथवा परिवार के सदस्य के आने के बारे में सूचित करना होगा।

इटली में प्रवेश के 8 कार्य दिवस के भीतर विदेशी व्यक्ति को संबंधित स्पोर्तेल्लो उनिको (एकीकृत सेवा खिड़की) देल्ला प्रेफेत्तूरा से भेंट का दिन व समय निर्धारित करना होगा जैसा कि प्रेफेत्तूरा की वेबसाइट(जाल स्थल) पर सूचित किया गया है।



साथ क्या लाएँ?

प्रथम प्रवेश की भेंट के निर्धारित दिन विदेशी को स्पोर्तेल्लो उनिको देल्ला प्रेफेत्तूरा में निम्नलिखित दस्तावेज़ अपने साथ ले जाने होंगे -

पारिवारिक एकीकरण के लिए प्रवेश(1)



- प्रवेश करने वाले प्रत्येक नागरिक हेतु आवास स्थान देने की सूचना की 2 फोटोकॉपी
- प्रवेश करने वाले का मूल पास्पोर्ट
- प्रवेश करने वाले के पास्पोर्ट की फोटोकॉपी (केवल ठप्पे व लिखाई युक्त पन्ने)
- परिवार के उस सदस्य जिस ने एकीकरण का आवेदन किया है उस के पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) की 1 फोटोकॉपी
- 16,00 यूरो मूल्य का 1 मार्का दा बोल्लो (रसीदी टिकट)

काम के लिए प्रवेश(1)



- मौसमी कामगारों के लिए उस काम देने वाले नियोक्ता की उपस्थिति अनिवार्य है जिस द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएँगे।
- आवास स्थान देने की सूचना की 2 फोटोकॉपी
- प्रवेश करने वाले का मूल पास्पोर्ट
- प्रवेश करने वाले के पास्पोर्ट की फोटोकॉपी (केवल ठप्पे व लिखाई युक्त पन्ने)
- निवास स्थान अनुकूलता प्रमाणपत्र
- 16,00 यूरो मूल्य का 1 मार्का दा बोल्लो (रसीदी टिकट)

(1) परिवार के सदस्य अथवा काम देने वाले नियोक्ता को स्पोर्तेल्लो उनिको (एकीकृत सेवा खिड़की) देल्ला प्रेफेत्तूरा से नुल्ला औस्ता (अनुज्ञा) ले कर प्रवेश माँगने वाले आवेदक को भेजना होगा।



कहाँ जाएँ...

1. प्रेफेत्तूरा, स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय) में

30
क्रेडिट

2
वर्ष

स्पोर्तेल्लो उनिको देल्ला प्रेफेत्तूरा की खिड़की पर एकीकरण इकरारनामा को स्वीकृति देना अनिवार्य है।

इस में एक "एकीकरण की अनिवार्य प्रक्रिया" का प्रावधान है जो कि इटली में रहने व एकीकृत होने के इच्छुक विदेशी द्वारा कुछ शर्तें पूरा करने में मार्गदर्शन देती है जिस से उसे, बहुत गंभीर स्थितियों में, देशनिकाला का दंड न भुगतना पड़े।

यह इकरारनामा क्रेडिट अधिकतम 30 क्रेडिटस देने की प्रणाली के आधार पर चलता है, जो कि इतालवी भाषा व नागरिक संस्कृति सीखने, और इकरारनामे में निर्धारित विशिष्ट कार्यों को करने के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

पूरे क्रेडिट अर्जित करने हेतु द्विवर्षीय अवधि का प्रावधान है, यदि ये प्राप्त नहीं होते हैं, तो इकरारनामा 1 अतिरिक्त साल आगे बढ़ाया जा सकता है।

खिड़की पर इस क्रिया के अंत में निम्नलिखित दस्तावेज़ युक्त लिफ़ाफ़ा सौंपा जाता है -

- कागज़ पर छपा कोदिचे फिस्काले (स्थाई खाता सँस्या);
- प्रपत्र 209 (इस में आवेदक के व्यक्तिगत सूचना व आँकड़ों सहित residence permit का आवेदन है);
- निवास स्थान के पुलिस मुख्यालय या क्वेस्तूरा में ड़ाक द्वारा भेजने हेतु पते सहित लिफ़ाफ़ा।



2. डाकघर, लाइसेंस युक्त पोस्ट ऑफिस में

विदेशी नागरिक द्वारा स्पोर्तेल्लो अमीको, जो कि लाइसेंस युक्त पोस्ट ऑफिस में होता है, को स्पोर्तेल्लो उनिको देल्ला प्रेफेत्तूरा द्वारा दिए गए दस्तावेज़ों का लिफ़ाफ़ा सौंपना होगा।

डाकघर का स्पोर्तेल्लो अमीको (सहायक खिड़की) विदेशी नागरिक को निम्नलिखित सौंपेगा -

- डाक द्वारा लिफ़ाफ़ा भेजे जाने की रसीद;
- बोल्लेत्तिनो (भुगतान पर्ची) चुकता करने की रसीद;
- संबंधित योग्य पुलिस मुख्यालय में जा कर उँगलियों के निशान देने व दस्तावेज़ों की जाँच हेतु भेंट के निर्धारित दिन व समय की पर्ची।

3. क्वेस्तूरा (पुलिस मुख्यालय) में

भेंट के बाद, संबंधित योग्य पुलिस मुख्यालय, पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (आवास अनुज्ञा पत्र) सौंपने हेतु विदेशी नागरिक को पुणः उपस्थित होने की सूचना देगा।



4. यू॰एल॰एस॰एस॰ (उनिता लोकाले सौचो सानितारिया) में

डाकघर के स्पोर्तेल्लो अमीको से प्राप्त रसीदों को लेकर संबंधित योग्य यू॰एल॰एस॰एस॰ कार्यालय से स्वास्थ्य कार्ड (तेस्सेरा सानितारिया) का आवेदन किया जा सकता है।

...काम के लिए काम खोजना

क्या करें?

काम की तलाश करने वाला अथवा बेरोज़गार व्यक्ति को चेंत्रो पेर इम्प्येगो (सी॰पी॰आइ॰) में पंजीकरण करना होता है। सी॰पी॰आइ॰ (रोज़गार दफ्तर) जाते समय अपने साथ निम्नलिखित ले जाएँ-

- पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence)
- कोदिचे फिस्काले (स्थाई खाता सँस्या)
- स्वास्थ्य कार्ड (तेस्सेरा सानितारिया)
- पहचान पत्र
- पास्पोर्ट

काम खोजने हेतु अपना कुर्रिकुलुम विते (सी॰वी॰) होना महत्त्वपूर्ण है; सी॰वी॰ (जीवन-वृत्त) में व्यक्तिगत सूचना व आँकड़े, पढ़ाई/प्रशिक्षण व काम के अनुभव, भाषाओं का ज्ञान, चालक लाइसेंस, कंप्यूटर संबंधित योग्यताएँ व अन्य क्षमताएँ दर्ज़ की जाती हैं।

इसे भरने के लिए यूरोपास प्रपत्र या फॉर्म का उपयोग किया जा सकता है (https://europass.cedefop.europa.eu/it/documents/curriculum-vitae).

काम ढूंढ़ने के लिए अजेंसिए पेर इल लवोरो (रोज़गार एजेन्सी) से भी संपर्क किया जा सकता है। ये अधिकृत संस्थाएँ काम की खोज व/अथवा प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सहायता करती हैं।

उपयोगी वेबसाइट
www.regione.veneto.it
1) रेज-वेनेतो ~ रोज़गार व प्रशिक्षण
2) रेज-वेनेतो ~ रोज़गार व प्रशिक्षण प्रमाणन
3) रेज-वेनेतो ~ काम व रोज़गार कार्यालय
4) रेज-वेनेतो ~ रोज़गार हेतु सेवा जाल
5) www.cliclavoroveneto.it

...काम के लिए नौकरी

- इटली में काम करने की न्यूनतम आयु 16 साल है। विशेष रूप से ख़तरनाक कामों के लिए यह 18 वर्ष तक बढ़ाई गई है।
- नौकरियों (दिपेंदेंते) को कॉन्त्रात्ती कॉल्लेत्तिवी नास्योनाली (राष्ट्रीय सामूहिक अनुबंध) द्वारा विनियमन किया जाता है, ये काम के प्रत्येक क्षेत्र की न्यूनतम पगार व नियम निर्धारित करते हैं।
- नौकरी पर रखने के समय, यह अनिवार्य है कि काम देने वाला नियोक्ता काम के अनुबंध की एक प्रति कर्मचारी को दे, जिस पर कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाता है। इस में लागू राष्ट्रीय अनुबँध, कर्मचारी द्वारा किए जाने वाले काम व काम की दैनिक अवधि लिखी होती है।
- अनुबंधों में परख अवधि का प्रावधान है, जिस में कर्मचारी स्वेच्छा से नौकरी छोड़ सकता है व नियोक्ता स्वेच्छा से नौकरी छुड़वा सकता है; किन्तु सभी परिस्थितियों में परख अवधि की पगार का भुगतान अनिवार्य है।
- नियोक्ता द्वारा प्रत्येक माह कर्मचारी को वेतन पर्ची की प्रति देनी होती है, व अप्रेल-मई के माह में सी॰यू॰ (चर्तिफिक्स्योने उनिको) अर्थात् वो दस्तावेज़ जिस में गत वर्ष की अर्जित आय का ब्यौरा होता है।
- सभी नौकरी करने वाले कर्मचारियों (दिपेंदेंते) को अवकाश, तेरहवीं मासिक पगार व टी॰एफ॰आर॰ (नौकरी के अंत पर अतिरिक्त भुगतान अथवा सेवा भत्ता) का अधिकार है।

क्या करें?

नौकरियों के अनुबंधों संबंधित सूचना प्राप्ति हेतु आप यूनियन से संपर्क कर सकते है।

सावधान

भेदभावविरोधी विनियम!

इटली का संविधान में व हमारे देश के अनेक क़ानून द्वारा कर्मचारियों से लिंग, धर्म, आयु, विकलांगता, लैंगिक रुझान व जातीय समूह के आधार पर भेदभाव करना निषेध है।

इस के साथ ही, कर्मचारी महिलाओं से उनके विवाहित अथवा गर्भवती, पारिवारिक स्थिति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव निषेध है।

उपयोगी वेबसाइट

www.lavoro.gov.it

www.cliclavoroveneto.it

www.regione.veneto.it

www.ispettorato.gov.it

अधिकार श्रमिक

कर्मचारी के मुख्य अधिकार

आचरण संहिता

अंतरप्राँतीय निरीक्षणालय

...काम के लिए

विदेशी व्यावसायिक योग्यता के आधार पर इटली में काम करना

इटली में व्यवसायों को दो श्रेणियों में बाँटा गया है -

“विनियमन रहित” व्यवसाय क़ानूनी स्तर पर

इस का अर्थ है कि ये काम करने के लिए किसी विशेष शैक्षिक डिग्री आदि आवश्यक नहीं है (जैसे कि कलाकार, संगीतकार, संगीत शास्त्री व कई अन्य)।

वो व्यक्ति जो इटली में कोई “विनियमन रहित” व्यवसाय करना चाहता है व जिस का शैक्षिक प्रमाणपत्र विदेशी है, उसे स्वदेश में स्थित इतालवी दूतावास/वाणिज्यदूतावास से अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र को क़ानूनी अथवा औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

उपयोगी वेबसाइट
www.politicheeuropee.gov.it/

“विनियमन सहित” व्यवसाय क़ानूनी स्तर पर

इस परिस्थिति में अनिवार्य शैक्षिक प्रमाणपत्र व व्यवसाय करने हेतु अतिरिक्त उपरांत आवश्यकताओं (जैसे कि एक व्यावसायिक संगठन में पंजीकृत होना) निर्धारित किए गए हैं। ये व्यवसाय केवल उन वयक्तियों द्वारा किए जा सकते हैं जिन को उस प्रकार के व्यवसाय हेतु निर्धारित विशिष्ट क़ानून के अंतर्गत मान्यता दी गई है।

वो व्यक्ति जिस का शैक्षिक प्रमाणपत्र विदेशी है, उसे इटली में संबंधित व्यवसाय को क़ानूनी रूप से करने हेतु स्वदेश में स्थित इतालवी दूतावास/वाणिज्यदूतावास से अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र की स्वीकृति देने का आवेदन करना होगा।
कुछ परिस्थितियों में इटली में विदेशी शैक्षिक प्रमाणपत्र की मान्यता को संबंधित इतालवी तुल्य मान्यता प्रदान करने का आवेदन करने की भी आवश्यकता होगी।

--काम छूट जाने पर

सबसे पहले यह ध्यान रखें कि यदि आप को नौकरी से निकाला जाता है अथवा अनुबंध को पुणः लागू नहीं किया जाता है, तो “बेरोज़गारी भत्ता” का आवेदन किया जा सकता है। यह सेवा उन लोगों की आय में सहायता प्रदान करने हेतु है जिनका रोज़गार छूट गया हो; व्यक्ति द्वारा किए गए काम, आयु व उस के द्वारा जमा की गई सहयोगी राशि के आधार पर इस के विभिन्न प्रकार हैं।

कर्मचारी द्वारा नौकरी छोड़ने की स्थिति में, किसी भी प्रकार के बेरोज़गारी भत्ते का अधिकार नहीं होगा।
माता को, बच्चे की 1 वर्ष तक की आयु के भीतर नौकरी छोड़ने का अधिकार है व बेरोज़गारी भत्ता पाने का अधिकार भी कायम रहता है।

बेरोज़गारी भत्ता आवेदन करने हेतु सामाजिक सहायता संगठनों ऐंति दि पत्रोनातो से संपर्क किया जा सकता है।

...घर के लिए

निवास स्थान



निवास स्थान वो जगह है जहाँ आप रहते हैं। निवास स्थान प्रमाण का आवेदन करने के लिए कौमूने के उफिचो अनाग्राफिको (नगरपालिका का नागरिक रजिस्ट्री कार्यालाय) से संपर्क करना आवश्यक है।
निवास स्थान प्राप्ति हेतु, नगरपालिका पुलिस द्वारा इस बात की पुष्टि की जाएगी कि आप वास्तव में उस घर में रहते हैं जिस का पता दिया गया है।
निवास स्थान निम्नलिखित हेतु आवश्यक है पहचान पत्र जारी करने, स्वास्थ्य कार्ड (तेस्सेरा सानितारिया) प्राप्ति, सामाजिक सहायता की सेवाओं की प्राप्ति, चालक लाइसेंस जारी करने व इतालवी नागरिकता के आवेदन।

आवास स्थान देने की सूचना

जिस समय से आप किसी घर में रहते हैं (अतिथि अथवा किराए पर अथवा स्वयं की संपत्ति), घर के मालिक अथवा जिसने आवास स्थन दिया है उसे 48 घंटों के भीतर अतिथि की उपस्थिति पुलिस मुख्यालय अथवा कौमूने में सूचित करनी होगी। यह सूचना देना सदा अनिवार्य है।

यदि आप काम देने वाले नियोक्ता के अतिथि हैं, तो आवास स्थान देने की सूचना की आवश्यकता नहीं है - (घर का काम करने वाले व्यक्ति हेतु) आइ॰एन॰पी॰एस॰ अथवा (कर्मचारी दिपेंदेंते हेतु) रोज़गार कार्यालय को भेजी गई नियुक्ति की सूचना में घोषित सूचना पर्याप्त है।



सरकारी आवास योजना "काज़े पोपोलारी"

ऐसे व्यक्ति जो वैध पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) के धारक हैं व काम करते हैं अथवा रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत हैं वे निम्नलिखित सेवा प्राप्त कर सकते हैं -

- जिस नगरपालिका में निवास है वहाँ स्थित काज़ा पोपोलारे ;
- प्रथम' घर खरीदने अथवा किराए पर लेने हेतु कम दरों पर ऋण;
- किराए हेतु सामाजिक निधि (योगदान);
- आय के आधार पर घर के बिजली पानी आदि के दर में छूट।

कैसे करें?

काज़ा पोपोलारे या सरकारी आवास योजना का घर दिए जाने हेतु आवेदन, व किराए में सामाजिक योगदान हेतु आवेदन, नगरपालिका द्वारा बाँटे गए निर्धारित प्रपत्र या फॉर्म पर अपने निवास की नगरपालिका को भेजना आवश्यक है।
सूचना हेतु अपने निवास की नगरपालिका की सामाजिक सेवा कार्यालय से संपर्क करें।

साथ ही आइ॰एस॰इ॰इ॰ फॉर्म (इंदिकातोरे देल्ला सितुअस्योने एकोनौमिका ऐक्वीवलेते) की आवश्यकता होगी जिस से सामाजिक सेवाओं अथवा जनोपयोगी साधन सुविधाओं (स्थाई दूरभाष, बिजली, गैस, आदि) के उपयोग हेतु सामान्य से कम दरों का भुगतान करने की छूट मिलती है।

आइ॰एस॰इ॰इ॰ तैयार करने हेतु आप कर सहायता केन्द्र (सी॰ए॰एफ॰) से संपर्क कर सकते हैं।

उपयोगी वेबसाइट
www.regione.veneto.it

...घर के लिए किराएदारी का contract

- किराएदारी का अनुबंध (या पट्टे का) किराएदार व मालिक मकान के बीच किया एक समझौता है जिस में किराएदार को उसके भवन (मकान या फ्लैट) में निश्चित धन राशि (किराया या पट्टे का पैसा) का भुगतान कर, एक अवधि हेतु रहने की अनुमति दी जाती है।
- जैसा कि सभी अनुबंध अथवा समझौतों में होता है पट्टे में भी दोनों पक्षों को एक दूसरे की तुलना में, क़ानून के अनुसार अधिकार व कर्तव्य होते हैं।
- किराएदारी का अनुबंध लिखित में होना चाहिए व अजेंसिया देल्ले एंत्राते (राजस्व विभाग) में पंजीकृत होना चाहिए।

किराए का घर खोजने के लिए, समाचार पत्र की दुकान पर किराए के घरों के विज्ञापन वाली मैगेज़ीन खरीदी जा सकती है; प्रोपेर्टी एजेंट को भुगतान द्वारा भी इस की सुविधा मिल सकती है।

किराएदारी के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले यह महत्त्वपूर्ण है कि -

अनुबंध को ध्यानपूर्वक पढ़ें व इसकी शर्तों को समझें (विशेषतः वह भाग जो छोटे अक्षरों में लिखे गए हैं);

फ्लैट की स्थिति व संबंधित सुविधाओं (पानी, बिजली, गैस, नालियाँ) की जाँच करें;

यह सुनिश्चित करें यदि अतिरिक्त खर्चे जैसे कि बिल्डिंग देखरेख आदि और गर्म रखने का खर्चा भी हैं।

अनुबंध में उस तिथि का उल्लेख होना चाहिए जब दोनों पक्ष हस्ताक्षर करते हैं।

हस्ताक्षर करने के 30 दिन के भीतर, अनुबंध का पंजीकरण करना व किराएदार और मालिक मकान के व्यक्तिगत आँकड़ों को दर्ज़ करना अनिवार्य है।

साथ ही यह भी दर्ज़ होना चाहिए कि मकान कहाँ है व उस की बनावट (कमरों व बाथरूम सुविधाओं की सँख्या), उपयोग (आवास, कार्यालय, कार्यशाला, आदि) व कितना किराया।

अन्य बिल्डिंग देखरेख आदि का खर्चा (दरबान, लिफ्ट, बीमा और यदि गर्म करने की प्रणाली केंद्रित है तो उस से संबंधित) भी अनुबंध में दर्ज़ होने चाहिए।

साथ ही, यह भी उल्लेख होना चाहिए कि भवन में किराएदार द्वारा कितने समय के लिए आवास किया जा सकता है।

पानी, बिजली व गैस चालू करने हेतु सार्वजनिक सुविधाओं की इकाईयों के साथ अनुबंध करना होगा, तथा वे उपयोग के आधार पर भुगतान के लिए बिल भेजेंगी।

ध्यान रहे कि किराए पर घर लेने के लिए वैध पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) का धारक होना आवश्यक है।

उपयोगी वेबसाइट
www.agenziaentrate.gov.it
www.sunia.it

...परिवार के लिए

पारिवारिक सलाह केन्द्र व सी॰एफ॰एस॰इ॰

पारिवारिक सलाह केन्द्र व सी॰एफ॰एस॰इ॰ (सामाजिक-शैक्षिक पारिवारिक सलाह केन्द्र) ऐसे स्वास्थ्य कार्यालय हैं, जहाँ प्रायः बिना अपॉइंटमेंट उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ, जो सभी निःशुल्क हैं, प्राप्त करने हेतु इटली में रहने वाले सभी नागरिक, प्रवासी (वैध व अवैध) नागरिक भी, जा सकते हैं।
सलाह केन्द्र में निम्नलिखित व्यवसायों के कर्मचारी कार्य करते हैं, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बालरोग विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता, नर्स, मनोवैज्ञानिक, इन के साथ साथ अन्य व्यावसायिक विशेषज्ञ भी हो सकते हैं, जैसे समाजशास्त्री, बाल तंत्रिकामनोरोग चिकित्सक, वकील तथा प्रवासी नागरिकों के लिए भाषाई-सांस्कृतिक मध्यस्थता कार्यकर्ता।

काम करने वाले माता पिता - कौन से अधिकार

किसी महिला अथवा पुरुष कर्मचारी (दिपेंदंते नौकरी) को परिवार के हित में विभिन्न सेवाओं का अधिकार है -

- maternity हितलाभ;
- पितृत्व अवकाश;
- time permit;
- पारिवारिक (माता-पिता) अवकाश;
- ए॰एन॰एफ॰ (मूल परिवार भत्ता)।

बच्चों का जन्म होने पर कुछ आर्थिक सहायता का प्रावधान है-

- जन्म दर भत्ता अथवा शिशु भत्ता (आइ॰एस॰इ॰इ॰ आवश्यक);
- जन्म संबंधित हितलाभ।

सावधान!

निम्नलिखित सेवाओं में से अधिकतर की प्राप्ति हेतु आइ॰एस॰इ॰इ॰ की आवश्यकता है। आइ॰एस॰इ॰इ॰ तैयार करने हेतु आप कर सहायता केन्द्र (सी॰ए॰एफ॰) से संपर्क कर सकते हैं।

कैसे करें?

उपरोक्त सभी सेवाओं की सूचनाओं व प्राप्ति हेतु सामाजिक सहायता संगठनों या पत्रोनाती से संपर्क करें।

परिवार हेतु संरक्षण, नगर पालिका सेवाएँ

वे माताएँ जिन की नौकरी अस्थाई, मौसमी है अथवा जो बेरोज़गार हैं वे आइ॰एन॰पी॰एस॰ द्वारा दिए जाने वाले सरकारी प्रसूति भत्ता हेतु आवेदन कर सकती हैं।

इस के साथ ही नगरपालिकाओं द्वारा बड़े मूल परिवारों हेतु भत्ते का प्रावधान है, न्यूनतम 3 या उस से अधिक बच्चों वाले परिवारों के लिए आर्थिक सहायता।

कैसे करें?

अपने निवास की नगरपालिका की सामाजिक सेवा कार्यालय से संपर्क करें, इस सेवा हेतु भी आइ॰एस॰इ॰इ॰ अनिवार्य है।
आइ॰एस॰इ॰इ॰ तैयार करने हेतु आप (सी॰ए॰एफ॰) कर सहायता केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।

महिलाओं हेतु संरक्षण

हिंसा, उत्पीड़न व शोषण की पीड़िताओं को सामाजिक सुरक्षा उपायों का अधिकार है - पुलिस मुख्यालय एक विशेष permit of residence जारी करता है व महिला को सार्वजनिक सेवाओं अथवा स्वंयसेवी संस्थाओं व संगठनो द्वारा संचालित सामाजिक सहायता व सुरक्षा कार्यक्रमों में भर्ती कर सकता है।

किसी गर्भवती विदेशी नागरिक का इटली से निष्कासन नहीं किया जा सकता है; इस परिस्थिति में महिला को चिकित्सा उपचार (गर्भावस्था) हेतु पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) का अधिकार है, जिस की अवधि गर्भावस्था प्रमाणित होने के समय से लेकर बच्चे के जन्म के उपरांत छः माह तक होती है।

कैसे करें?

अपने निवास की नगरपालिका की सामाजिक सेवा कार्यालय, वेनेतो क्षेत्र के हिंसाविरोधी केन्द्र अथवा शरण निवास से संपर्क किया जा सकता है।

उपयोगी वेबसाइट
www.regione.veneto.it

सामान्य सूचनाएँ

पारिवारिक सलाह केन्द्र

हिंसाविरोधी केन्द्र

शरण निवास

...पढ़ाई के लिए



नाबालिगों के लिए

इटली में 16 वर्ष आयु तक पढ़ाई करना अनिवार्य है व सभी युवाओं हेतु 18 वर्ष तक प्रशिक्षण अनिवार्य है। इसका अर्थ है कि वे नाबालिग जो पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) के धारक नहीं है उन का भी अनिवार्य रूप से इतालवी विद्यालय जाने का अधिकार/दायित्व है व सभी प्रकार व स्तर के सार्वजनिक विद्यालयों में अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्ति को पूरा करना है।

16 वर्ष

नाबालिगों का स्कूल में दाखिला माता पिता अथवा अभिभावक द्वारा किया जाता है;
उनकी आयु के अनुकूल कक्षा में दाखिल किया जाना चाहिए, अन्यथा अध्यापक मंडल के निर्णय के अनुसार अन्य कक्षा में;
दाखिला सीधे सभी प्रकार व स्तर के विद्यालयों में शैक्षिक वर्ष के दौरान किसी भी समय किया जा सकता है।

बालिगों के लिए

बालिग इतालवी भाषा के पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं अथवा सी॰पी॰आइ॰ए॰ (प्राँतीय प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र) द्वारा उपलब्ध विभिन्न सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं, ये केन्द्र माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र प्रापति हेतु सांध्य कक्षा भी संचालित करते हैं।

यदि अपेक्षित आवश्यकताएँ पूरी हैं तो इतालवी विद्यार्थियों के तुल्य विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में दाखिला लेना संभव है। विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए सभी परिस्थितियों में आपका शैक्षिक प्रमाणपत्र इटली में स्वीकृत होना अनिवार्य है।

विदेशों से प्राप्त पढ़ाई के प्रमाणपत्र

वे आधिकारिक दस्तावेज़ जो स्वदेश में आपके द्वारा प्राप्त पढ़ाई या शैक्षिक प्रमाणपत्र की संपुष्टि करते हैं, उन को इटली में अधिप्रमाणित व वैध स्वीकारने हेतु उनका वैधीकरण करना आवश्यक है।

वैधीकरण की कोई मियादी तिथि नहीं है।

शैक्षिक प्रमाणपत्र के वैधीकरण सहित, ये सलाह दी जाती है कि इतालवी दूतावास/वाणिज्यदूतावास से "दिक्यारेस्योने दि वलोरे" का आवेदन करें। "दिक्यारेस्योने दि वलोरे" या मूल्य घोषणापत्र नामक, इतालवी में लिखित व मियादी तिथि रहित, आधिकारिक दस्तावेज़ है जो कि विदेश में प्राप्त शैक्षिक प्रमाणपत्र की सूचना व उस देश में जहाँ इसे जारी किया गया है वहाँ इस की गुणवत्ता (जिस शैक्षिक संस्था ने इसे जारी किया उसका औपचारिक व क़ानूनी दर्ज़ा या स्थिति, संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अपेक्षाएँ, पाठ्यक्रम की अवधि, आदि) का ब्यौरा देता है।

इस घोषणापत्र को उस कार्यक्षेत्र, अर्थात् प्रमाणपत्र जारी करने वाली शैक्षिक संस्था के मुख्यालय से सबसे अधिक समीप, हेतु सक्षम इतालवी दूतावास/वाणिज्यदूतावास द्वारा आवश्यक दस्तावेज़ जमा करवाने पर जारी किया जाता है।

विदेशों से प्राप्त स्नातक की डिग्री

सामान्यतः, विदेशों से प्राप्त स्नातक की डिग्री को इटली में क़ानूनी स्वीकृति नहीं दी जाती है.
किन्तु, इतालवी विश्वविद्यालय यह आकलन कर सकते हैं कि यदि ये विदेशी डिग्री इतालवी डिग्री के समान है या नहीं।

यह जानने के लिए कि क्या स्नातक डिग्री का उपयोग इटली में किया जा सकता है अथवा नहीं, उस विश्वविद्यालय के कुलदेशिक को आवेदन करना होगा, जहाँ विदेश में प्राप्त डिग्री के समान एक पाठ्यक्रम उपलब्ध है।
यह संभव है कि अनुरूपी इतालवी डिग्री की प्राप्ति हेतु अतिरिक्त परीक्षाएँ उत्तीर्ण करनी पड़ें।



उपयोगी वेबसाइट
www.venetoimmigrazione.it
www.istruzioneveneto.it
www.miur.gov.it

सी॰पी॰आइ॰ए॰ सी॰टी॰पी॰

सी॰पी॰आइ॰ए॰ पते

विदेशी शैक्षिक प्रमाणपत्र तुल्यता

विदेशी शैक्षिक प्रमाणपत्र

...ड्राइविंग (चालक लाइसेंस) के लिए

नौकरी करने के लिए प्राय: चालक लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

इटली में चालक लाइसेंस की प्राप्ति हेतु एक सैद्धांतिक परीक्षा (इतालवी भाषा में) व एक व्यावहारिक परीक्षा को उत्तीर्ण करना होता है।

परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए किसी ड्राइविंग स्कूल (भुगतान द्वारा) से संपर्क करना चाहिए, व आपके पास पेर्मेस्सो दि सोजोर्नो (permit of residence) व निवास स्थान प्रमाणपत्र होना चाहिए।

किसी विदेशी सरकार द्वारा जारी किए गए चालाक लाइसेंस से इटली में अधिकतम एक वर्ष वाहन चलाया जा सकता है, यह अवधि इटली में निवास स्थान की तिथि से आरंभ होती है किन्तु यह अनिवार्य है कि चालक के पास मूल लाइसेंस सहित उस का इतालवी भाषा में आधिकारिक अनुवाद हो (अथवा मूल अंतर्राष्ट्रीय वाहन चालक अनुमति या लाइसेंस)।

निवास स्थान सथापित करने के 1 वर्ष उपरांत, सभी परिस्थितियों में चालक लाइसेंस को मोतोरिज़्ज़स्योने चिवीले या नागरिक परिवहन से संपर्क कर परिवर्तित करना आवश्यक है (यह पुष्टि करें कि लाइसेंस के परिवर्तन हेतु आपका देश उस सूची में है जिन देशों के साथ इटली ने समझौते किए हैं) अथवा इटली में लाइसेंस लेना होगा, अन्यथा वाहन चलाना संभव नहीं है।

उपयोगी वेबसाइट
www.mit.gov.it

उपयोगी दूरभाष

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, बेल्लूनो
http://www.prefettura.it/belluno
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
पियास्सा दुओमो, 38 – 32100 बेल्लूनो (पहला तल)

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, पादोवा
http://www.prefettura.it/padova/contenuti/Immigrazione-13228.htm
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
अतिरिक्त कार्यालय - पियास्सा ज़नेल्लातो 19 (स्तांगा क्षेत्र) - 35100 पादोवा

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, रोविगो
http://www.prefettura.it/rovigo/contenuti/Immigrazione-13472.htm
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
अतिरिक्त कार्यालय - विया ओबेरदान सँ॰ 22 - 45100 रोविगो

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, त्रेविसो
http://www.prefettura.it/treviso
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
पियाज़्ज़ा देइ सिन्योरी, 22 – 31100 त्रेविसो

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, वेनेसिया
http://www.prefettura.it/venezia
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
विया जी॰ मामेली, 39 – मार्घेरा --वेनेसिया

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, वेरोना
http://www.prefettura.it/verona/contenuti/Immigrazione-13680.htm
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
विया सांता मरिया अंतिका, 1 – 37121 वेरोना

प्रेफेत्तूरा - सरकारी क्षेत्रीय कार्यालय, विचेन्सा
http://www.prefettura.it/vicenza/contenuti/Immigrazione-13389.htm
स्पोर्तेल्लो उनिको पेर इम्मिग्रस्योने (प्रवासन कार्यालय)
कोंत्रा गस्सोल्ले, 10 - विचेन्सा (भूतल)

क्वेस्तूरा दि बेल्लूनो
विया वोलोन्तारी देल्ला लिबेर्ता सँ°13
32100 बेल्लूनो,
http://questure.poliziadistato.it/it/Belluno

क्वेस्तूरा दि पादोवा
पियास्सेत्ता जी° पालातुच्चि, 5
35123 पादोवा,
http://questure.poliziadistato.it/padova

क्वेस्तूरा दि रोविगो
वियाले त्रे मार्तिरी, 40
45100 रोविगो,
https://questure.poliziadistato.it/it/Rovigo

क्वेस्तूरा दि त्रेविसो
पियास्सा देल्ले इस्तितुस्योनि, 1 एदिफ़िचो ए
31100 त्रेविसो,
https://questure.poliziadistato.it/it/Treviso

क्वेस्तूरा दि वेनेसिया
सेस्तियरे दि सांता क्रोचे, 500
30100 वेनेसिया,
https://questure.poliziadistato.it/it/Venezia

क्वेस्तूरा दि विचेन्सा
वियाले मज़्ज़िनी सँ°213
36100 विचेन्सा,
https://questure.poliziadistato.it/it/Vicenza

क्वेस्तूरा दि वेरोना
लुंगादिजे अंतोनियो गाल्तारोस्सा, 11
37133 वेरोना,
https://questure.poliziadistato.it/it/Verona

बेल्लूनो | पादोवा | रोविगो | त्रेविसो | वेनेसिया | विचेन्सा | वेरोना

संकट या आपातकाल में इन नंबर पर बात करें

112 काराबिन्येरी
113 पोलिसिया दि स्तातो (पुलिस)
114 एमेर्जेंसा इंफांसिया (बालक रक्षा)
115 विजिली देल फुओको (अग्निशमन)
116 सोक्कोर्सो स्त्रदाले (सड़क सहायता)
117 ग्वार्दिया दि फिनान्सा (वित्त पुलिस)
118 प्रोंतो सोक्कोर्सो (एमर्जेंसी)
आपातकाल स्वास्थ्य समस्या हेतु

इस पुस्तिका का उत्पादान एम॰ए॰आर॰आइ॰ परियोजना – बहुसांस्कृतिक कार्य क्षेत्रीय प्रवासन के अंतर्गत किया गया है।
एफ॰ए॰एम॰आइ॰ 2014-2020 – ओ॰एस॰ 2 – ओ॰एन॰ 2 - 02 – भाग ए) वर्ष 2016/2018 – प्रोग-1287 – सी॰यू॰पी॰ एच19डी17000580007, वेनेतो प्राँत यू॰ओ॰ प्रवासी आवागमन व परियोजना में भागीदार के रूप में वेनेतो रोज़गार द्वारा प्रायोजित।

सूचना पुस्तिका का समापन दिनांक 30.11.2018 को किया गया।
पाठ प्रेफेत्तूरे, अस्पतालों, यूनियन संगठनों, पात्रोनातो आइ॰एन॰सी॰ए॰ सी॰जी॰आइ॰एल॰, सहायता संगठनों द्वारा संचालित वेबसाइट व आधिकारिक प्रकाशित सामग्री से लिए गए हैं।